अमर उजाला 11/01/2024

प्राचार्य डॉ. रोहित को मिला अवॉर्ड

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त को एशियन एडमायरेबल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया।

एशिया की संस्था ने बताया कि डॉ. रोहित दत्त एक प्रख्यात विद्वान है, जिन्होंने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अद्‌भुत उपलब्धियां प्राप्त की है।

उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी अद्वितीय कार्य किए हैं। जिनके आधार पर उनको एशिया की इस पत्रिका में उनके द्वारा किए गए असाधारण शोध और कार्यों के उपलक्ष्य में इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

जानकारी देते जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। संवाद

इस अवसर पर डॉ. रोहित दत्त ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान से उन्हें एक नई सृजनात्मक शक्ति मिलती है और कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।